हिंदी विभाग

CUPB/HINDI/2020/36

दिनांक: 02-09-2020

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति का कार्यवृत्त

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति की विभागीय बैठक 2 सितंबर, 2020 को सांय 5 बजे ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई जिसमे निम्न सदस्य उपस्थित थे:

1. डॉ. राजेन्द्र कुमार, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष
2. डॉ. गोपाल लाल मीणा, सह आचार्य (सदस्य)

   डॉ. कुलभूषण शर्मा, सहायक आचार्य एवं प्रभारी
4. डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य (सदस्य)

समिति की बैठक के मूल बिन्दू निम्न हैं :

1.

काव्य पाठ का आयोजन

विभागीय समिति की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा 14 सितंबर, 2020 को काव्य पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसमें शिक्षक, शोधार्थी एवं परास्नातक के सभी विद्यार्थी काव्य पाठ करेंगे।

2.

परियोजना कार्य का विषय निर्धारण

विभागीय समिति की इस बैठक में सहयोगियों द्वारा परास्नातक तृतीय सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों के परियोजना कार्य के विषय निर्धारण से संबंधित चर्चा की गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि परियोजना-निर्देशक अपने शोधार्थी से बात कर उनकी रूचि के अनुरूप विषय का निर्धारण करेंगे तथा संबंधित विषय का प्रारूप भी इस माह के अंत तक विद्यार्थियों से लिखवा लेंगे।

3.

परास्नातक प्रवेश संबंधी चर्चा

विभागीय समिति की इस बैठक में परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश संबंधी चर्चा की गयी। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि पाठ्यक्रम को लोकप्रिय बनाकर स्थानीय विद्यार्थियों को परास्नातक में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

4.

यू.जी.सी. रिसर्च प्रोजेक्ट

विभागीय समिति की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी विभाग के समस्त शिक्षक यू.जी.सी. एवं सी.एस.आई.आर से प्रोजेक्ट प्राप्त करने हेतु माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट के प्रारूप लेखन का कार्य करेंगे।

5.

ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन एवं उपस्थिति

विभागीय समिति की इस बैठक में परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन में आ रही समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की गयी। साथ ही सभी शिक्षक विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड अपने पास सॉफ्ट कॉपी में रखेंगे। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाएगा।

6.

स्कूल स्तर पर जर्नल या शोध पत्रिका का संपादन

विभागीय समिति की इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्कूल के स्तर पर एक शोध पत्रिका या जर्नल आरम्भ की जाएगी। हिंदी विभाग की ओर से इसके प्रभारी डॉ. गोपाल लाल मीणा होंगे तथा वे अंग्रेजी एवं पंजाबी विभाग के साथ समन्वय कर इस पत्रिका का संपादन कार्य करेंगे।

Deepak Kumar Pandey
डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य

डॉ. कुलभूषण शर्मा
सहायक आचार्य

डॉ.गोपाल लाल मीणा
सह आचार्य

डॉ. राजेन्द्र कुमार
सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष

DIA for information

Scan
URL
DIA 31/9/20

DIA-720
5/10/2020